भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. †3981
दिनांक 12.08.2026 को उत्तर देने के लिए

आंध्र प्रदेश में जिला खनिज फाउंडेशन की निधि और लाभार्थी

†3981. श्री पुट्टा महेश कुमारः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के अंतर्गत जमा/प्राप्त, आवंटित और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान जिला खनिज फाउंडेशन डीएमएफ के अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाओं की संख्या कितनी है और उनकी प्रकृति का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) डीएमएफ के माध्यम से वित्तपोषित परियोजनाओं के अंतर्गत जिला-वार कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या कितनी है; और
(घ) खनन प्रभावित क्षेत्रों में डीएमएफ के माध्यम से वित्तपोषित परियोजनाओं के प्रभाव का आकलन करने के लिए अपनाए गए निगरानी और मूल्यांकन तंत्र का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चंद्र दुबे)

(क) से (ग): खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957, यह प्रावधान करता है कि केंद्र सरकार, जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) द्वारा निधियों की संरचना और उपयोग के संबंध में निदेश दे सकती है। तदनुसार, केंद्र सरकार ने प्रधान मंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) दिशानिर्देश, 2024 जारी किए हैं, जिन्हें राज्य डीएमएफ नियमों में शामिल किया जाना है। पीएमकेकेकेवाई दिशानिर्देश यह अधिदेशित करते हैं कि डीएमएफ निधि का कम से कम 70 प्रतिशत उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों जैसे पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कौशल विकास और आजीविका सृजन आदि में उपयोग किया जाए। इसके अलावा, निधियों का 30 प्रतिशत तक उपयोग अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों

जैसे वास्तविक अवसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा और वाटरशेड विकास और पर्यावरणीय गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किसी अन्य उपाय में किया जा सकता है।

पीएमकेकेकेवाई दिशानिर्देशों, 2024 के अनुसार, परियोजनाओं को मंजूरी देने और जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) निधि से व्यय को मंजूरी देने की शक्ति संबंधित डीएमएफ की शासी परिषद् के पास है, जिसकी अध्यक्षता जिला मजिस्ट्रेट करते हैं। इसके अलावा, पीएमकेकेकेवाई दिशानिर्देश यह अधिदेशित करते हैं कि डीएमएफ प्रभावित व्यक्तियों और स्थानीय समुदायों की एक अद्यतन सूची तैयार करें और उसका रख-रखाव करें, जिसकी समीक्षा और अद्यतन हर पाँच वर्ष में कम से कम एक बार किया जाना चाहिए।

आंध्र प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में डीएमएफ के तहत अर्जित, आवंटित और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार तथा जिला-वार विवरण अनुलग्नक-1 में संलग्न है। इसके अलावा, डीएमएफ के तहत शुरू की गई परियोजनाओं की जिला-वार संख्या और प्रकृति का विवरण, साथ ही उक्त अवधि के दौरान शामिल किए गए लाभार्थियों का विवरण अनुलग्नक-2 में संलग्न है।

(घ): पीएमकेकेकेवाई दिशानिर्देश, 2024 में डीएमएफ के कार्य-निष्पादन, पारदर्शिता मानदंडों के अनुपालन, लेखा-परीक्षा संबंधी आवश्यकताओं और वार्षिक रिपोर्टिंग दायित्वों की निगरानी के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय निगरानी समिति के गठन का प्रावधान है।

इसके अलावा, डीएमएफ निधियों के उपयोग में जवाबदेही और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए, पीएमकेकेकेवाई दिशानिर्देशों में नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार सीएजी द्वारा डीएमएफ खातों की लेखा-परीक्षा करने का प्रावधान है। इसके अलावा, खान मंत्रालय ने दिसंबर 2025 में सभी डीएमएफ को सीएजी द्वारा सूचीबद्ध चार्टर्ड एकाउंटेंट के माध्यम से डीएमएफ खातों की वार्षिक लेखा-परीक्षा करने का निदेश दिया।

*****

अनुलग्नक-1

आंध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में डीएमएफ के तहत अर्जित, आवंटित और उपयोग की गई निधियों की जिला-वार स्थिति (राशि करोड़ रुपये में)										
क्र. सं.	जिले का नाम	2021-22			2022-23			2023-24		
		संग्रहण	आवंटन	व्यय	संग्रहण	आवंटन	व्यय	संग्रहण	आवंटन	व्यय
1	अल्लूरी सीताराम राजू	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	1.23	0.00	0.00
2	अनाकापल्ली	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	28.08	2.11	0.00
3	अनंतपुरम	19.71	16.32	5.53	14.53	2.48	3.05	6.52	11.77	6.03
4	अन्नामय्या	0.00	0.46	0.34	24.39	7.42	3.57	37.11	6.37	2.94
5	बापटला	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	44.31	1.15	0.00
6	चित्तूर	9.19	10.20	0.28	8.92	0.61	0.45	60.91	20.91	21.52
7	डॉ.बी.आर.अंबेडकर कोनासीमा	0.00	0.00	0.00	0.18	0.63	0.00	0.42	1.34	0.78
8	पूर्व गोदावरी	0.33	4.67	0.11	1.80	3.90	0.74	0.84	22.12	7.92
9	एलुरु	0.00	0.00	0.00	4.33	0.49	0.46	27.22	15.44	6.72
10	गुंटूर	21.53	15.86	14.24	8.04	0.20	18.82	2.94	0.00	54.72
11	काकीनाडा	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	5.30	42.33	20.07
12	कृष्ण	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	32.49	25.44	7.28
13	कुरनूल	1.00	6.94	28.97	1.02	5.22	39.45	1.63	1.32	9.46
14	नंदयाल	46.74	57.04	51.92	47.47	14.53	7.43	56.08	63.51	20.16
15	नेल्लोर	12.64	10.81	4.26	6.24	4.45	4.14	9.20	5.80	5.44
16	एनटीआर	0.00	0.00	0.00	26.36	31.28	0.00	135.62	20.29	16.09
17	पलनाडु	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	47.98	52.06	43.61
18	पार्वतीपुरम मण्यम	0.00	0.00	0.00	1.23	0.00	0.00	0.36	0.12	0.00
19	प्रकाशम	40.15	0.00	0.00	23.34	0.00	0.00	15.26	13.01	5.98
20	श्री सत्य साईं	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	19.82	0.00	0.00
21	श्रीकाकुलम	7.86	5.13	10.22	8.56	4.54	4.73	11.34	16.11	10.65
22	तिरुपति	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	26.16	0.09	4.39
23	विशाखापत्तनम	16.28	0.35	0.00	0.63	0.00	0.35	1.79	0.00	0.00
24	विजयनगरम	6.67	5.98	1.45	2.91	4.97	4.70	9.64	3.25	2.57
25	पश्चिम गोदावरी	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.31	0.00	0.00
26	वाईएसआर कडप्पा	69.08	53.68	23.13	39.21	54.70	30.93	45.23	76.17	45.02

आंध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में डीएमएफ के तहत अर्जित, आवंटित और उपयोग की गई निधियों की जिला-वार स्थिति (राशि करोड़ रुपये में)							
क्र. सं.	जिले का नाम	2024-25			2025-26		
		संग्रहण	आवंटन	व्यय	संग्रहण	आवंटन	व्यय
1	अल्लूरी सीताराम राजू	10.62	0.00	0.00	6.30	3.11	0.10
2	अनाकापल्ली	7.81	12.12	0.00	16.06	6.09	0.00
3	अनंतपुरम	9.42	5.86	0.92	18.68	26.78	4.79
4	अन्नामय्या	26.64	36.92	12.80	21.93	43.16	3.51
5	बापटला	4.99	4.62	5.61	6.46	2.51	2.51
6	चित्तूर	7.63	0.00	0.76	27.50	14.81	1.46
7	डॉ.बी.आर.अंबेडकर कोनासीमा	0.97	0.39	0.39	0.13	0.36	0.00
8	पूर्व गोदावरी	1.74	7.54	2.09	3.02	9.39	0.97
9	एलुरु	1.25	0.00	0.00	5.57	4.96	0.00
10	गुंटूर	8.68	0.90	0.11	11.45	0.22	17.07
11	काकीनाडा	16.47	6.72	1.42	17.11	17.20	8.00
12	कृष्ण	0.85	21.57	3.77	0.30	0.09	0.10
13	कुरनूल	1.48	1.22	1.02	4.44	3.98	3.92
14	नंदयाल	59.72	35.38	22.84	61.37	62.69	9.25
15	नेल्लोर	1.57	8.98	3.43	12.18	13.03	0.39
16	एनटीआर	37.29	2.03	2.46	44.68	38.52	19.55
17	पलनाडु	22.10	5.90	1.44	19.65	64.84	3.55
18	पार्वतीपुरम मण्यम	0.02	0.67	0.34	0.52	0.45	0.00
19	प्रकाशम	19.36	24.91	9.63	46.92	116.28	4.66
20	श्री सत्य साईं	1.15	0.27	0.27	3.40	19.86	1.47
21	श्रीकाकुलम	7.28	3.73	2.01	16.69	19.11	11.62
22	तिरुपति	2.54	0.00	0.00	8.21	23.04	0.00
23	विशाखापत्तनम	1.36	0.73	0.00	1.65	0.00	0.73
24	विजयनगरम	21.72	0.81	0.44	14.11	9.43	2.09
25	पश्चिम गोदावरी	0.12	0.00	0.00	0.16	0.00	0.00
26	वाईएसआर कडप्पा	45.05	81.81	31.08	39.01	49.07	11.65

अनुलग्नक-2

पिछले पांच वर्षों में डीएमएफ के तहत विभिन्न परियोजनाओं के तहत शुरू की गई परियोजनाओं की जिला-वार संख्या								
क्र. सं.	जिले का नाम	पर्यावरण संरक्षण	कृषि	पशुपालन	पेयजल आपूर्ति	शिक्षा	ऊर्जा और वाटरशेड विकास	स्वास्थ्य देखभाल
1	अल्लूरी सीताराम राजू				1			1
2	अनाकापल्ली				31			
3	अनंतपुरम				238	1125		4
4	अन्नामय्या			7	698	42	1	9
5	बापटला				28		1	
6	चित्तूर				7			2
7	डॉ.बी.आर.अंबेडकर कोनासीमा	6	3		1			
8	पूर्व गोदावरी				16	2		2
9	एलुरु	2			32	15		15
10	गुंटूर				6	1		4
11	काकीनाडा				34	15	1	10
12	कृष्ण				63	113		14
13	कुरनूल	1			19	22		4
14	नंदयाल	38	16	3	235	13		2
15	नेल्लोर				27	51	1	2
16	एनटीआर				15	5		3
17	पलनाडु				77	3		
18	पार्वतीपुरम मण्यम							
19	प्रकाशम				30	36		3
20	श्री सत्य साईं					47		
21	श्रीकाकुलम	2			27	216		2
22	तिरुपति				17	40		1
23	विशाखापत्तनम					37		
24	विजयनगरम				80	42		18

25	पश्चिम गोदावरी							
26	वाईएसआर कडप्पा	1	13		761	123		135

पिछले पांच वर्षों में डीएमएफ के तहत विभिन्न परियोजनाओं के तहत शुरू की गई परियोजनाओं की जिला-वार संख्या								शामिल किए गए लाभार्थियों की सं.
क्र. सं.	जिले का नाम	सिंचाई	अन्य	वास्तविक अवसंरचना	स्वच्छता	कौशल विकास	महिला एवं बाल कल्याण	
1	अल्लूरी सीताराम राजू	1				1		31500
2	अनाकापल्ली	3		13	41	1	2	5500
3	अनंतपुरम			291				21500
4	अन्नामय्या	19		387	45			15900
5	बापटला	2	2	31	1	1	2	32500
6	चित्तूर			35				37000
7	डॉ.बी.आर.अंबेडकर कोनासीमा	13		6				4500
8	पूर्व गोदावरी	24		215	302	1		30000
9	एलुरु		8	93	27		2	93900
10	गुंटूर	4	4	27			1	52860
11	काकीनाडा	53		142	20		47	2005139
12	कृष्ण			260				15600
13	कुरनूल	1	32	57	3			35000
14	नंदयाल	243	120	753	17	1		1416322
15	नेल्लोर	20		48				635500
16	एनटीआर			123		40		95500
17	पलनाडु			579	22			21500
18	पार्वतीपुरम मण्यम	8		5				2950
19	प्रकाशम	2		349	1	7	18	935175

20	श्री सत्य साईं			94				63155
21	श्रीकाकुलम	340		46		2		44500
22	तिरुपति			40			76	48451
23	विशाखापत्तनम			1				12940
24	विजयनगरम	33		173			2	41500
25	पश्चिम गोदावरी							0
26	वाईएसआर कडप्पा	2		1021	94	76	7	464180